परमात्म ऊर्जा

कर्म करने समय कर्म में तो लग जाते और धारणा पूरी नहीं होती, तो इसको क्या कहा जायेगा? लोगों को कहते हो- धर्म और कर्म को अलग करने के कारण आज की जीवन व परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं। तो अपने आप से पूछो कि धर्म और कर्म अर्थात् धारणायें और कर्म, दोनों की समानता रहती है व कर्म करते फिर भूल जाते हो? जब कर्म समाप्त होता तब धारणा स्मृति में आती है। जब बहुत कर्म में बिज़ी रहते हो, उस समय इतनी धारणा भी रहती है व जब कार्य हल्का होता है तब धारणा भारी होती है? जब धारणा भारी है तो कर्म हल्का हो जाता है? तराजू का दोनों तरफ एक समान चलता रहे तब तराजू का मूल्य होता है। नहीं तो तराजू का मूल्य ही नहीं। तराजू है बुद्धि।

बुद्धि में दोनों बातों का बैलेन्स ठीक है तो उनको श्रेष्ठ बुद्धिवान व दिव्य बुद्धिवान, तेज बुद्धिवान कहेंगे। नहीं तो साधारण बुद्धि। कर्म भी साधारण, धारणायें भी साधारण होती हैं। तो साधारणता में समानता नहीं लानी है लेकिन श्रेष्ठता में समानता हो। जैसे कर्म श्रेष्ठ वैसी धारणा भी श्रेष्ठ। कर्म धारणा अर्थात् धर्म को मर्ज ना कर दे, धारणा कर्म को मर्ज न करे तो धर्म और कर्म दोनों ही श्रेष्ठता में समान रहें- इसको कहा जाता है धर्मात्मा। धर्मात्मा कहो व महान आत्मा व कर्मयोगी कहो, बात एक ही है। ऐसे धर्मात्मा बने हो? ऐसे कर्मयोगी बने हो? ऐसे ब्लिसफुल बने हो? एकान्तवासी भी और साथ-साथ रमणीकता भी इतनी ही हो। कहाँ एकान्तवासी और कहाँ रमणीकता! शब्दों में तो बहुत अन्तर है, लेकिन सम्पूर्णता में दोनों की समानता रहे। जितना ही एकान्तवासी उतना ही फिर साथ-साथ रमणीकता भी होगी।

एकान्त में रमणीकता गायब नहीं होनी चाहिए। दोनों समान और साथ-साथ रहें। आप जब रमणीकता में आते हो तो कहते हो अन्तर्मुखता से नीचे आ गये और अन्तर्मुखता में आते हो तो कहते हो आज रमणीकता कैसे हो सकती है? लेकिन दोनों साथ-साथ हों। अभी-अभी एकान्तवासी, अभी-अभी रमणीक। जितनी गम्भीरता उतना ही मिलनसार भी हों। ऐसे भी नहीं, सिर्फ गम्भीरमूर्त हों। मिलनसार अर्थात् सर्व के संस्कार और स्वभाव से मिलने वाला। गम्भीरता का अर्थ यह नहीं कि मिलने से दूर रहें। कोई भी बात अति में अच्छी नहीं होती है।

कपासन-राज.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा मॉडल पब्लिक स्कूल श्रीजी पब्लिक स्कूल एवं आरएनटी कॉलेज में 'हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर विषय' पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मंचासीन हैं ब्र.कु. नितेश, ब्र.कु. मधु तथा अन्य।

कथा सरिता

अफवाह

एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के बारे में अफवाह फैला दी कि वह चोर है। पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया गया, पर वह निर्दोष साबित हुआ। अब उसने उस व्यक्ति पर गलत आरोप लगाने का मुकदमा दायर किया। अदालत में व्यक्ति ने जज से कहा वे सिर्फ अफवाहें थी, उन्होंने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। जज ने कहा- युवक के बारे में तुमने जो भी बातें कहीं उन्हें उसे कागज पर लिख लो। फिर वह कागज को अनेक टुकड़ों में काट दो और घर जाते समय उन्हें बाहर फेंक दो। कल सजा सुनाई जाएगी। अगले दिन जज ने कहा- उन सभी टुकड़ों को बटोर लाओ, जिन्हें तुमने कल फेंक दिया था। आदमी ने कहा कि मैं ऐसा नहीं कर सकता। हवा ने उन्हें तितर-बितर कर दिया होगा और मुझे नहीं पता उन्हें कहां ढूँढू। जज ने कहा अफवाहें भी किसी व्यक्ति के सम्मान को इतना नष्ट कर सकती हैं कि कोई उसे ठीक नहीं कर सकता। आदमी को गलती का अहसास हुआ और सभी से माफी मांगी।

हाथरस-उ.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ तपस्या धाम पर शिवरात्रि के पर्व पर शिव ध्वजारोहण करते हुए सदर विधायक अंजुला माहौर, प्रमुख समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा, प्रमुख समाजसेवी गौरीशंकर गौतम, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सीता बहन, राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. भावना, ब्र.कु. बबीता, ब्र.कु. रश्मि तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।

फतेहपुर-बाराबंकी(उ.प्र.)। त्रिमूर्ति शिवजयंती कार्यक्रम में एसबीआई शाखा प्रबंधक तरुण कुमार को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शीला।

गाज़ियाबाद-राहुल विहार(दिल्ली)। शिव शक्ति भवन में शिवजयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निगम पार्षद वीर सिंह को ईश्वरीय सौगात व प्रसाद भेंट करते हुए गाजीपुर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुधा।

रामगंजमंडी-कोटा(राज.)। शिव जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करने के पश्चात् राजयोगिनी ब्र.कु. उर्मिला दीदी, ब्र.कु. शीतल, मंगलम सीमेंट लिमिटेड,मोरक के प्रेसिडेंट सुनील सचान, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष मुकेश धाकड़जी, उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सचिव योगेश गुप्ता, सहसचिव लड्डू बैंसला तथा अन्य।

पंथाघाटी-शिमला(हि.प्र.)। 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर शिव ध्वजारोहण के दौरान प्रभु स्मृति में ब्र.कु. सुनीता, भाषा एवं संस्कृति विभाग के निर्देशक डॉ. पंकज ललित तथा अन्य।

कुराली-पंजाब। शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के पश्चात् ब्र.कु. स्वराज बहन, ब्र.कु. रणजीत बहन, सोतल गांव के सरपंच सोहन सिंह तथा अन्य भाई-बहनें।

बरगड़-ओड़िशा। ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल प्रभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वूमेन्स एस कॉलेज बरपाली की 110 छात्राओं और शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. राजीव,मेडिकल विंग,वक्ता, विद्यार्थीगण तथा शिक्षकगण।